कार्यालय, नगर परिषद कॉटी

आम सूचना

स्वच्छता साथी के चयन हेतु विज्ञापन

नगर विकास एंव आवास विभाग, बिहार पटना के पत्रांक 4081 दिनांक 26.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यान्वयन हेतु दिशा–निर्देश के आलोक में स्वच्छता साथी का चयन किया जाना है, जिसकी विवरणी निम्नवत है :–

स्वच्छता साथी के जिम्मेदारी चयन प्रक्रिया एवं दिशा–निर्देश :–

स्वच्छता साथी कौन होगें :–

1. स्वच्छता साथी कोइ भी हो सकता है, परन्तु लोकल व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अभ्यार्थी की उम्र 40 वर्ष से अधिक ना हो ।
3. अभ्यार्थी को कम से कम मैट्रिक पास होना चाहिए।
4. अभ्यार्थी की आवाज साफ हो, ताकि ये अच्छे से Communicate कर सके।
5. अभ्यार्थी को स्वच्छता से संबंधित कार्यो में कम से कम एव वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
6. अभ्यार्थी के रूप में Waste Picker, Citizen Leader, SHG Member, Swachhagarhi, Sanitation worker, Brand Ambassadors, NULM, ASHA, Anganwadi worker, NGOs Youth, Commnity Based Organizations एवं Rawas से संबंधित व्यक्ति या अन्य कोई भी आवेदन कर सकते हैं।
7. नगर परिषद स्तर पर कुल 10 (दस) स्वच्छता साथी।

स्वच्छता साथी से मिलने वाला लाभ :–

1. कार्य अवधि पाँच घंटे न्यूनतम होगी।
2. प्रतिदिन की उपस्थिति संधारित की जायेगी।
3. छुट्टी हेतु निकाय की प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।
4. मनदेय प्रत्येक माह के 01 से 05 तारीख तक देय होगा।
5. प्रतिदिन रू0 300.00 (तीन सौ) की दर से प्रतिमाह 20 (बीस) दिन का मानदेय 300X20=6000.00 (छः हजार) रू0 मानदेय के रूप में देय होगा।
6. स्वच्छता साथी को Contractual Basis पर एक वर्ष के लिए Hire किया जायेगा, जिंसकी अक्टूबर 2026 तक बढाई जा सकती है।
7. प्रत्येक स्वच्छता साथी को प्रत्येक वर्ष में 200 (दो सौ) दिनों के लिए Engage किया जायेगा।
8. 200 (दो सौ) कार्य दिवस प्रत्येक माह में 20 (बीस) दिन का होगा, जो वर्ष के किसी भी 10 माह (स्व्च्छ सर्वेक्षण को ध्यान रखते हुए) में मान्य होगा।
9. सभी स्वच्छता साथी को Monitor करने की जिम्मेवारी सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी की होगी।
10. छुट्टी एवं अन्य समस्यों से संबंधि तमामले सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी देखेंगे।
11. किये गये कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जायेगी एवं लगातार तीन माह तक कार्य संतोषजनक नही होने पर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है।
12. साक्षात्कार दिनांक 28.01.2025 को नगर परिषद कॉटी के सभागार में 11:00 बजे पूर्वाहन से आयोजित की जाएगी।
13. अभ्यार्थी आवेदन पत्र नगर परिषद कॉटी स्थित प्राप्ति काउंटर एवं सम्पर्क नम्बर से प्राप्त कर सकते है।

Scanned with OKEN Scanner

14. अभ्यर्थी अपना आवेदन दिनांक 23.01.2025 तक आवेदन के साथ अपने दस्तावेज की फोटो कॉपी स्व अभिप्रमाणित कर नगर परिषद कार्यालय स्थित प्राप्ति काउंटर पर पूर्वाहन 10.30 से अपराहन 05:00 बजे तक जमा कर देंगें।

15. सभी अभ्यार्थी अपना मूल दस्तावेज (यथा– अपने संबंधित मूल प्रमाण पत्र, अंक प्रमाण–पत्र अधार कार्ड के साथ अवश्य लाएंगे।

16. इस विज्ञापन के शर्तो को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के आंशिक या पूर्णतः संशोधित करने अथवा रद्द करने का अधिकार अधाहस्ताक्षरी के पास सूरक्षित होगा।

नोट :–

1. यह किसी भी प्रकार से Parmanent Position नहीं है। अतः किसी भी तरह का Claim मान्य नही होगा। स्वच्छता साथी- नगर निकाय के कर्मी नही माने जायेगें एवं भविष्य में किसी भी प्रकार का दैनिक/संविदा/नियमित की नियुक्ति का दावा मान्य नही होगा।
2. विशेष जानकारी/आवेदन प्रपत्र नगर परिषद कॉंटी से कार्यालय अवधि में प्राप्त की जा सकती है।
3. आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त विहित प्रपत्र में नगर परिषद कॉंटी कार्यालय में दिनांक 23 जनवरी 2025 तक जमा करना होगा।

Shakti
16-01-2025
नगर प्रबंधक
नगर० कांटी

Shailki
16/01/2025
APSWMO
N.P.Kanti

16/01/25
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद कॉंटी